प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

ई-मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रॉकः प्राशिप/अनु0-06/नव0 2024-25/8516 लखनऊः दिनॉकः 28/11/2024

विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरान्त नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के नामांकन एवं विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर 2024 के परीक्षा फार्म भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्रॉक प्राशिप/अनु06/2024/8362 दिनांक 25/11/2024 का संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। जिसमें अवगत कराया गया है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा (प्रथम, तृतीय, पंचम)/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र संस्था लॉगिन पर उपलब्ध हैं।

उक्त के अनुक्रम में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरांत नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर लिंक दिनांक 29/11/2024 मात्र एक दिन के लिए खोला जा रहा है। विषम सेमेस्टर परीक्षा (प्रथम, तृतीय, पंचम)/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक दिनांक 30/11/2024 की प्रातः उपलब्ध करा दिया जायेगा।

यहॉ यह भी अवगत कराना है कि परिषद द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा (प्रथम, तृतीय, पंचम)/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 2024 की परीक्षायें दिनांक 13/12/2024 से होना प्रस्तावित है।

अतः प्राथमिकता के आधार पर छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भरने की कार्यवाही समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में परीक्षा फार्म भरने हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यदि कोई भी छात्र/छात्रा परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0ः प्राशिप/अनु0-06/नव0 2024-25/8517-19 तद् दिनॉकः 28/11/2024

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य का अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner